हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 8 नवंबर 2025

04 वंदे मातरम गीत नहीं, बल्कि अटूट श्रद्धा...



07 नाराज़ किसानों का श्योपुर में बाजार बंद, विजयपुर में ...





## खबर संक्षेप

### रिद्धि जैन का असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर चयन

**रहली।** राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा अर्थशास्त्र विषय में आयोजित परीक्षा में रिद्धि जैन का असिस्टेंट प्रोफेसर (अर्थशास्त्र) के पद पर अंतिम रूप से चयन हुआ है। रिद्धि जैन वर्तमान में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सक्रिय रहकर पी.एचडी के साथ सीनियर रिसर्च फेलो है। रिद्धि जैन का संबंध एक साधारण परिवार से है, जहाँ उन्होंने हमेशा मेहनत, अनुशासन और निरंतरता को अपना मूलमंत्र माना। प्रारंभिक शिक्षा के बाद उन्होंने अर्थशास्त्र विषय में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त की और उच्च शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए परीक्षा में सफलता अर्जित की। यह उपलब्धि न केवल उनके संकल्प और परिश्रम का परिणाम है, बल्कि प्रदेश के युवाओं के लिए एक प्रेरणास्त्रोत भी है। रिद्धि जैन ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवारजन, गुरुओं और अपने जीवनसाथी गौरव कुमार जैन को दिया है, जिन्होंने हमेशा उन्हें प्रोत्साहित किया और आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। रिद्धि जैन का कहना है यदि मन में लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत निरंतर की जाए, तो कोई भी मंज़िल असंभव नहीं होती।

### नगर निगम विद्युत अपव्यय नियंत्रण के लिए कराएगा एनर्जी आडिट

**सागर।** महापौर संगीता सुशील तिवारी एवं विद्युत एवं यांत्रिकी विभाग के प्रभारी एम.आई.सी. सदस्य शैलेन्द्र ठाकुर ने नगर निगम के विद्युत एवं यांत्रिकी विभागों की समीक्षा बैठक की। बैठक में निर्णय लिया गया कि नगर निगम के बढ़ते विद्युत खर्चो और हो रहे अनावश्यक व्ययों पर नियंत्रण के लिये नगर निगम सागर कुशल एंजेसी से एनर्जी आडिट करवायेगा। इस हेतु एंजेसी को प्रारंभिक आंकडे उपलब्ध करा दिये गये है। बाघराज वार्ड के छत्रसाल कालोनी में ट्रांसफार्मर बदले जाने के लिये भोपाल की इल्कटोक्राफ्ट इंडस्ट्री की देरी को देखते हुये उन्हें अंतिम नोटिस दिये जाने का निर्णय भी समीक्षा बैठक में लिया गया है। इसके अलावा अब पार्षद निधि द्वारा अपने-अपने वार्डो में एल.ई.डी.खरीदे जाने की भी सहमति दी गई, इस हेतु निविदा के माध्यम से दरें तय की गई। शहर की विद्युत व्यवस्था के जिम्मेदार के रूप में एम.पी.ई.बी., स्मार्ट सिटी और नगर निगम के बीच सामंजस्य बनाये रखने के लिये निगम की विद्युत विभाग की इंजीनियर श्रीमति आशिमा तिर्की को नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसके साथ ही 48 वार्डो में सार्वजनिक स्थानों पर दिन में लाईट जलने की निगरानी के लिये 2 कर्मचारी नियुक्त किये गये है जो 24-24 वार्डो में दिन में घूमकर विद्युत अपव्यय पर निगरानी रखेंगे। यांत्रिकी विभाग की समीक्षा में सरकार के दिशा निर्देशों के तहत आयु पूरी कर चुके कंडम वाहनों की नीलामी सहित अन्य विभागों को वाहनों की आवश्यकता अनुसार सूची बनाने एवं इस पर कार्यवाही किये जाने का निर्णय लिया गया।

### सहकारी समितियों का होगा पंजीयन केवल ऑनलाइन

**सागर।** जिले में सहकारी समितियों का पंजीयन अब केवल ऑनलाइन प्रक्रिया द्वारा किया जाएगा। ऑनलाइन प्रक्रिया से समितियों का पंजीयन करवाने के लिए संबंधित व्यक्तियों को कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं है। उपायुक्त सहकारिता ने बताया कि समितियों के पंजीयन के लिए विभागीय ऑनलाईन पोर्टल पर जाकर 21 व्यक्ति मिलकर सहकारी समिति का गठन कर सकते हैं। पोर्टल पर नवीन संस्था का आवेदन करने के लिए आवेदक उल्लेखित लिंक पर जाकर स्वयं एमपी ऑनलाईन नागरिक सुविधा केन्द्र के माध्यम से आवेदन कर सकता है। आवेदक को पोर्टल पर अपना लॉग इन क्रिएट करना होगा। लॉग इन क्रिएट करने के लिए आधार से लिंक मोबाईल नंबर प्रविष्टि कर ओटीपी सत्यापन होगा। प्रस्तावित संस्था की जानकारी एवं प्रथम आवेदन की जानकारी भरकर पासवर्ड निर्मित करेगा।

---

जिले में वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पूरे जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई, हुए कई कार्यक्रम आयोजित

# वंदे मातरम गीत राष्ट्रीय एकता और गर्व का भाव जगाता है : मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

वंदे मातरम गीत की 150वीं वर्षगांठ आज पूरे जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कलेक्टर कार्यालय में जिला स्तरीय कार्यक्रम में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, विधायक प्रदीप लरिया, जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी, कलेक्टर संदीप जी आर, पुलिस अधीक्षक विकास शाहवाल की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में इसका शुभारंभ किया गया, जहां सामूहिक रूप से वंदे मातरम गीत का गायन किया गया एवं पुलिस बैंड ने वंदे मातरम गीत की धुन बजाई।



मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि यह वर्षभर चलने वाला राष्ट्रव्यापी अभियान चार चरणों में आयोजित किया जाएगा, जिसमें स्कूल, कॉलेज, सरकारी कार्यालय और सार्वजनिक स्थलों पर वंदे मातरम का गायन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम गीत की रचना बंकिम चंद्र चटर्जी ने 1875 में की थी, जो बाद में उनके उपन्यास आनंदमठ का हिस्सा बना। यह गीत भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन का एक महत्वपूर्ण प्रतीक बन गया और आज भी राष्ट्रीय एकता और गर्व का भाव जगाता है । कार्यक्रम में शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा आकर्षक वंदे मातरम गीत की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में नई दिल्ली से प्रसारित मुख्य कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण एवं कार्यक्रम को वर्चुअल कांफ्रेंस के माध्यम से देखा एवं सुना गया।

कार्यक्रम के अंत में मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने उपस्थित सभी जन समुदाय, अधिकारी, कर्मचारी को स्वदेशी का उपयोग करने के लिए शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर वीरेंद्र पाठक, रामेश्वर नामदेव, रुपेश यादव, नेवी जैन, पतंजलि योग निकेतन से भगत सिंह, गायत्री परिवार से एसएल वर्मा, जन अभियान परिषद से चंद्रशेखर शुक्ला, के के मिश्रा, सुश्री नीलिमा वानखेडे, नरेंद्र अहिरवार, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक के वी, अपर कलेक्टर अविनाश रावत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश सिन्हा सहित अन्य जनप्रतिनिधि समस्त विभागों के विभाग अधिकारी छात्र-छात्राएं पुलिस के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।



## अक्षय और अभिलेश ने रचा इतिहास एवरेस्ट बेस कैंप पर लहराया तिरंगा

**सागर।** मध्यप्रदेश के सागर जिले के लिए गौरवशाली खबर है। जिले के दो जांबाज़ युवा पर्वतारोहियों शाहगढ़ के अक्षय जैन और बसारी गांव के अभिलेश सिंह राजपूत ने अपने अदम्य साहस और दृढ़ इच्छाशक्ति का परिचय देते हुए माउंट एवरेस्ट के दक्षिणी बेस कैंप तक सफलतापूर्वक चढ़ाई पूरी की है। सागर जिले की ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले इन दोनों युवाओं ने 17,598 फीट (लगभग 5364 मीटर) की चुनौतीपूर्ण ऊँचाई पर पहुँचकर 2 नवंबर को भारतीय तिरंगा फहराकर जिले का नाम रोशन किया है। अक्षय और अभिलेश ने 26 अक्टूबर को अपने अभियान की शुरुआत की थी। यात्रा शुरू होते ही पहाड़ों पर मौसम ने करवट बदल ली। भारी बर्फबारी और तेज हवाओं ने कदम-कदम पर उन्हें चुनौती दी। जैसे-जैसे ऊँचाई बढ़ती गई उनकी साँसें भारी होने लगीं और हालात कठिन होते गए। लेकिन इन युवाओं ने बताया, ₹भारत की शान तिरंगे को वहाँ ले जाने की भावना₹ ने उन्हें पीछे नहीं हटने दिया। 8 दिन की कठिन और बर्फीली यात्रा के बाद उन्होंने अपने संकल्प को पूरा किया और विश्व की सबसे ऊँची चोटी के बेस कैंप पर इतिहास रच दिया। उनकी इस उपलब्धि ने साबित कर दिया है कि दृढ़ संकल्प और इच्छाशक्ति के सामने हर मुश्किल पहाड़ छोटा पड़ जाता है।



## विश्वविद्यालय : वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में सामूहिक गान का आयोजन

**सागर ।** डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के संगीत विभाग में वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में सामूहिक गायन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ पंकज तिवारी, डॉ. अवधेश प्रताप सिंह तोमर, डॉ रूपेंद्र चौरसिया थे। कार्यक्रम में संगीत विभाग के अध्यक्ष प्रो अशोक अहिरवार, प्रो. अजीत जायसवाल, डॉ राहुल स्वर्णकार उपस्थित थे. शोधार्थी आकाश जैन, तेजस पटेल,गगन राज, स्तुति खम्परिया, अनुकृति रावत एवं संगीत विभाग के बीए, एमए के छात्रों, और कर्मचारियों ने कार्यक्रम में भाग लिया और सामूहिक रूप से वंदे मातरम का गायन किया।

## एसआईआर सर्वे में रुचि न लेने वाले बूथ लेवल अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

मुख्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर संदीप जी आर के मार्गदर्शन में वर्तमान में निर्वाचक नामावली का गहन पुनरीक्षण, 2003 के डाटा एवं वर्ष 2025 की निर्वाचक नामावली में सम्मिलित मतदाताओं के विवरण की मैपिग बी.एल.ओ के ऐप के माध्यम से की जा रही है। कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश के बाबजूद जिले में कुछ बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा एसआईआर सर्वे में रुचि न लेने के कारण एसआईआर सर्वे मे प्रगति कम पाई गई है। अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्री करण अधिकारी वि.क्षे.042 बण्डा रवीश श्रीवास्तव के द्वारा बण्डा विधानसभा क्षेत्र के ऐसे 17 बूथ लेवल अधिकारियों को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है एवं जबाव न देने पर कड़ी कार्यवाही करने के आदेश दिए गए है।

### इन बीएलओ को दिए गए कारण बताओ नोटिस

हीरेन्द्र सिंह सचिव 13-पिडरूआ, कमल सिंह गौंड शिक्षक 20-रोडा,रामरक्षपाल यादव रोजगार सहायक 40-बिल्हनी, विनोद अहिरवार शिक्षक 42-राखसी,मदन मोहन पटैल शिक्षक 77-चंदौख, रमाकांत गौतम शिक्षक 88-बेरखेरी, राम कुमार नांगवशी शिक्षक 95-भडराना, हनमत सिंह रोजगार सहायक 98-झागरी, प्रदीप अहिरवार शिक्षक 139-बण्डा, अशोक विश्वकर्मा शिक्षक 144-बण्डा, बंसत कुमार रैकवार वि.कर्म. 147-बण्डा, गोविंद सिंह ठाकुर शिक्षक 148-बण्डा, महेन्द्र कुमार जाटव शिक्षक 149-बण्डा, सुनील प्रजापति शिक्षक 154-बण्डा, नीरज रैकवार वि.कर्म. 158-बण्डा, दिनेश रैकवार वि.कर्म. 159-बण्डा, किरन जाटव रोजगार सहायक 75-गडर।



## जीवन में संशय नहीं विश्वास से ही बड़ा बना जा सकता है : भगवतानंद गिरी महाराज

**रहली।** स्थानीय श्रीवास्तव बाड़ा में चल रही श्री राम कथा के प्रथम दिवस कथा व्यास भगवतानंद गिरी जी महाराज ने राम कथा महात्म का वर्णन करते हुए बताया कि जिस दिन कथा वाचक में कमी दिखने लगे,तो कथा हृदय में नहीं बैठ सकती,रामायण का प्रसंग सुनाते हुए कहा शिव जी के साथ सती माता जब मुनि अगस्त के यहां कथा सुनने पहुंची तो अगस्त जी ने शिव जी का पूजन किया,इस बात से सती माता को संदेह हुआ कि कथा वाचक से मेरे पति बड़े हे अब इनसे कथा क्या सुनना।और राम कथा नहीं सुनी,जबकि कथा सुनकर भगवान शिवजी को बहुत आनंद आया,यहीं से सती जी को संशय हो गया।जीवन में विश्वाश होना चाहिए संशय नहीं। उन्होंने कथा प्रसंग सुनाते हुए कहा कि चार जगह खाली हाथ नहीं जाना चाहिए,मंदिर जब भी जाएं खाली हाथ नहीं जाना चाहिए, छोटी बहिन के घर जाओ तो कुछ देकर आना चाहिए,किसी संत के पास जाओ तो खाली हाथ नहीं जाना चाहिए,और चौथा जब भी कथा सुनने जाओ तो कुछ ना कुछ लेकर जाना चाहिए,जरूरी नहीं धन ही ले जाओ,कुछ नहीं तो तुलसी दल,अथवा फल या एक फूल ही लेकर जाओ पर कुछ लेकर जरूर जाना चाहिए। कथा के प्रारंभ में किले वाले हनुमान जी मंदिर से शोभायात्रा का प्रारंभ हुआ जो नगर के प्रमुख मार्गो से निकलती हुई कथा स्थल पहुंची।जगह जगह लोगो ने फूल बरसाकर स्वागत किया।इस अवसर पर मुख्य यजमान,विनोद सोनी एवं उनका परिवार तथा आयोजन समिति के सदस्य सैकड़ों श्रोता उपस्थित रहे।

## कृत्रिम बुद्धिमत्ता के माध्यम से सतत शहरों का निर्माण विषय की राष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर के बिज़नेस मैनेजमेंट विभाग और विधि विभाग के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय युवा महोत्सव के अंतर्गत आयोजित "प्रजातंत्र" प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सागर शहर और विश्वविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। इस वर्ष प्रजातंत्र का विषय सतत शहरों के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता था । जिसके तहत देशभर से युवाओं ने तकनीकी नवाचारों के माध्यम से भविष्य के स्मार्ट और पर्यावरण-संतुलित शहरों की परिकल्पना प्रस्तुत की ।



सागर की टीम ने बुंदेलखंड विजन फ्रंट के बैनर तले प्रतिनिधित्व किया । इस टीम में अदिति नाहर जैन, स्वरांगी, वैभव धुरिया, श्रुति द्विवेदी, अतुल सिंह गौर, दीपांशु पटेल और आदिश एस. कुमार शामिल थे। इन छात्रों ने अपनी अभिनव सोच के माध्यम से यह दर्शाया कि किस प्रकार कृत्रिम बुद्धिमत्ता का प्रयोग शहरी विकास, ऊर्जा प्रबंधन और सतत पर्यावरण के लिए किया जा सकता है। स्वरांगी ने मुंबई में 31 अक्टूबर से 3 नवम्बर तक राष्ट्रीय फाइनल्स में सागर का प्रतिनिधित्व किया, जहाँ निर्णायकों ने प्रस्तुतीकरण को सराहा ।

छात्रों ने तकनीकी समाधान प्रस्तुत किए जो न केवल भविष्य के शहरों को अधिक स्मार्ट और कुशल बनाएंगे, बल्कि सामाजिक समावेशन और पर्यावरण संरक्षण को भी सशक्त करेंगे।

## हेल्थ चेकअप कैंप में 200 मरीजों का स्वस्थ परीक्षण

**सागर।** एकता समिति एवं बीएमबी फाउंडेशन द्वारा संचालित चिकित्सा उपकरण सेवा केंद्र में हेल्थ चेकअप एवं दवा वितरण शिविर का किया गया। विधायक शैलेंद्र जैन ने दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक जैन ने कहा कि एकता समिति मानव सेवा के लिए सराहनीय कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि कमजोर वर्ग बस्ती में इस शिविर से पीड़ितों को लाभ मिलेगा।

समारोह की अध्यक्षता समाजसेवी अशोक जैन ने की। शिविर में डा ओ पी जैन, डा अरूण सराफ, डा स्वप्निल सिंघई ने करीब दो सौ मरीजों का परीक्षण कर दवाएं एवं उपचार किया। विधायक श्री जैन ने शिविर में आए मरीजों से मुलाकात कर चर्चा की। प्रारंभ में शुभि जैन पूजा जैन ने मंगलाचरण प्रस्तुत किया। विधायक जैन ने समिति के नए सदस्य डॉक्टर ओपी जैन, डॉक्टर विनोद ठाकुर, शरद सोनी, सुरेंद्र पंचरत्न शिव कुमार भीमसरिया, दिलीप कोरी को सदस्य प्रमाण पत्र प्रदान किये। इस अवसर पर अब्दुल रशीद भाई, कमल चंद जैन, प्रदीप समैया, विनीत जैन, प्रभात जैन, शरद गुप्ता, राजेंद्र मलैया, अरूण जैन, अजीत जैन नरेंद्र जैन, प्रमोद पटेल, विमल जैन, निजाम भाई, विमल जैन, रो राजेश सोनी, रो अशोक सोनी आदि उपस्थित थे । कार्यक्रम का संचालन संजय शास्त्री ने किया, अध्यक्ष सुधीर जैन ने आभार व्यक्त किया।



## नवनियुक्त प्रदेश मंत्री अर्चना सिंह का सागर आगमन पर किया स्वागत

**सागर।** भारतीय जनता पार्टी की नवनियुक्त प्रदेश मंत्री अर्चना सिंह के शुक्रवार को सागर आगमन पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने स्वागत कर भेंट की। भेंट वार्ता के दौरान जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने प्रदेश मंत्री अर्चना सिंह को नव दायित्व के लिए बधाई दी एवं विभिन्न सांगठनात्मक विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। इस दौरान भाजपा नेत्री निवेदिता रत्नाकर उपस्थित रहीं। जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन ने बताया कि नवनियुक्त प्रदेश मंत्री अर्चना सिंह ने सागर से छतरपुर के लिए प्रस्थान किया। सागर जिले में जगह जगह पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं द्वारा उनका स्वागत किया गया।

---

भाजपा ने किया सामूहिक राष्ट्रगीत गायन विधयाक प्रदीप लारिया ने दिलाया स्वदेशी संकल्प

# वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि यह भारत माता के प्रति समर्पण श्रद्धा और राष्ट्रप्रेम का अद्भुत प्रतीक है: शैलेन्द्र जैन विधायक सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

'वंदे मातरम' केवल एक गीत नहीं, बल्कि यह भारत माता के प्रति समर्पण, श्रद्धा और राष्ट्रप्रेम का अद्भुत प्रतीक है। इस गीत ने देश के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान करोड़ों भारतीयों में जोश और आत्मबल का संचार किया। यह बात विधायक शैलेन्द्र कुमार जैन ने मोतीनगर चौराहे पर वीरांगना लक्ष्मी बाई की प्रतिमा के समीप राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' की 150 वीं वर्षगाँठ पर आयोजित सामूहिक राष्ट्रगीत गायन समारोह के दौरान कही।

कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी, नरयावली विधायक इंजीनियर प्रदीप लारिया, जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत, महापौर संगीता तिवारी, नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, कार्यक्रम प्रभारी देवेंद्र कटारे, जिला उपाध्यक्ष जगन्नाथ गुरैया पूर्व प्रदेश मंत्री प्रभु दयाल पटेल, पूर्व जिला अध्यक्ष हरिराम सिंह, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष संध्या भार्गव, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष अमित बैसाखिया, नीरज यादव, नीलम अहिरवार, मेघा दुबे, कपिल नाहर, सौरभ केशरवानी मंच पर रहें।



समारोह को संबोधित करते हुए विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने कहा कि 'वंदे मातरम' के रचयिता बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय जी के जीवन और योगदान का उल्लेख करते हुए बताया कि यह गीत पहली बार 1875 में रचा गया था और 1950 में इसे राष्ट्रगीत के रूप में मान्यता प्राप्त हुई। विधायक जैन ने कहा कि "वंदे मातरम हमें अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक करता है, यह हर भारतीय के हृदय में मातृभूमि के प्रति सम्मान और गर्व की भावना जगाता है। आज के इस अवसर पर हम सभी संकल्प लें कि राष्ट्र की सेवा और एकता के मार्ग पर दृढ़ता से अग्रसर रहेंगे।

जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन ने बताया कि समारोह के दौरान नरयावली विधायक इंजी.प्रदीप लरिया ने उपस्तिथ जनों को स्वदेशी संकल्प दिलाया। जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने समारोह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि 'वंदे मातरम' वह गीत है जिसने आज़ादी के आंदोलन के दौरान लाखों भारतीयों को देशभक्ति त्याग और मातृभूमि के प्रति समर्पण की भावना से ओतप्रोत किया।

समारोह का शुभारम्भ अतिथियों ने भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। संगीतकार शुभांसिता ठाकुर के साथ सभी ने एक लय में राष्ट्रगीत गायन किया। समारोह में उपस्तिथ सरस्वती शिशु मंदिर एवं रविशंकर विद्यालय की बहनों ने राष्ट्रगीत गायन उपरांत भारत माता की जय एवं वन्देमातरम के उद्घोष से आसपास के वातावरण को गुंजायमान कर दिया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष विक्रम सोनी ने किया। कार्यक्रम में भाजपा वरिष्ठ के वरिष्ठ नेता पदाधिकारी, पार्षद, कार्यकर्त्ता एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित हुए।



## हैप्पीनेस प्रोग्राम का शुभारंभ : सुदर्शन क्रिया से तनावमुक्त जीवन की ओर कदम

**सागर।** आर्ट ऑफ लिविंग के सागर चैप्टर द्वारा शहर के मैजेस्टिक प्लाजा में छह दिवसीय हैप्पीनेस प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है। यह विशेष शिविर 4 नवंबर से प्रारंभ होकर 9 नवंबर तक प्रतिदिन प्रातः 6:30 बजे से 9:30 बजे तक चल रहा है। आर्ट ऑफ लिविंग के वरिष्ठ शिक्षक कपिल मलैया ने बताया कि इस शिविर में प्रतिभागियों को विश्व प्रसिद्ध सुदर्शन क्रिया का अभ्यास कराया जाएगा, जो आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्री श्री रविशंकर द्वारा विकसित एक अनोखी श्वास-प्रणाली है। यह क्रिया शरीर और मन के बीच समन्वय स्थापित कर गहरे स्तर पर तनाव, चिंता और थकान को दूर करती है। कपिल मलैया ने बताया कि आज के भागदौड़ भरे जीवन में अधिकांश लोग तनाव, क्रोध, भय, चिंता, अनिद्रा और अवसाद जैसी मानसिक परेशानियों से जूझ रहे हैं। हैप्पीनेस प्रोग्राम इन समस्याओं से राहत दिलाने का एक वैज्ञानिक और सहज उपाय प्रस्तुत करता है। उन्होंने कहा कि सुदर्शन क्रिया के नियमित अभ्यास से शरीर में ऊर्जा का संचार बढ़ता है, मन शांत होता है और व्यक्ति के भीतर आत्मविश्वास तथा प्रसन्नता की अनुभूति स्वाभाविक रूप से उत्पन्न होती है।

## खबर संक्षेप

### न्यायालय में गई महिला को धमकाया

**ललितपुर।** मोहल्ला रामनगर निवासी आरती पत्नी अभिषेक ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह अपने माता-पिता के साथ निवासरत है। बताया कि उसके साथ हुये उत्पीडऩ और खाना-खर्चा के लिए उसने न्यायालय में मुकद्दमा किया था। बताया कि 4 नवम्बर को वह न्यायालय में नियत तारीख पर आयी हुयी थी। तभी उसके पति अभिषेक ने तीन अज्ञात लड़कों के साथ अपराह्न करीब 2 बजे उसे गालियां देते हुये विरोध करने पर उसे व उसकी पुत्री को जबरन उठा ले जाने की धमकी दी गयी। महिला ने बताया कि घटना का वीडियो भी उसने छत से बना लिया। कार्यवाही करने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामले को लेकर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### जमीनी विवाद पर परिवार में मारपीट

**ललितपुर।** कोतवाली तालबेहट क्षेत्रांतर्गत ग्राम सेरवासकलां के मजरा पुतनिया निवासी हरप्रसाद यादव पुत्र शिवदयाल ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 3 नवम्बर को अपराह्न करीब 3 बजे जब वह खेत पर था, तभी जमीनी विवाद को लेकर उसका भाई महेन्द्र यादव पुत्र शिवराज सिंह, शिवराज सिंहयादव पुत्र मोरलाल, लीला यादव पत्नी शिवराज, विनीता यादव पत्नी महेन्रद एकराय होकर आये और उसकी पत्नी गेंदा यादव पत्नी हरप्रसाद के साथ लाठी-डण्डा, लात-घूसों से मारपीट कर दी। आरोप है कि उक्त लोगों ने गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### किसान से दुकानदार ने की मारपीट

**ललितपुर।** शहर क्षेत्रांतर्गत चौकी नेहरूनगर वार्ड नं. 8 जुगपुरा निवासी सूरज सिंह पुत्र स्व.काशीराम लोधी ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि वह खाद लेने के लिए अमर पैलेस के पास इफको बाजार के सामने (राय ट्रेडर्स) पर रामकुमार राय की दुकान पर कृषि कार्य के लिए डी.ए.पी. खाद लेने के लिए गया था। खाद का मूल्य पूछने पर शासन द्वारा निर्धारित मूल्य की दुकान से अधिक मूल्य बताये जाने पर जब उसने विरोध किया तो दुकानदार रामकुमार राय ने अपने दो-तीन साथियों के साथ उसके साथ गालियां देते हुये धक्का-मुक्की की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने बताया कि अन्य किसानों ने उसे बचाया। आरोप है कि दुकानदार ने उसे अपमानित कर उसकी सामाजिक छवि को धूमिल किया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### स्वास्थ्य और महिला बाल विकास की संयुक्त बैठक

**बरेली।** सिविल अस्पताल के सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग महिला बाल विकास की बैठक परियोजना अधिकारी श्रीमती जुलेखा खान एवं बीएमओ डॉक्टर हेमंत यादव की विशेष उपस्थिति में हुई। बैठक में गर्भवती महिलाओं एवं कुपोषित बच्चों की पहचान और एनीमिया सहित अन्य बीमारियों से ग्रसित लोगों के सर्वे पर चर्चा हुई। बैठक में डॉक्टर हेमंत यादव और महिला बाल विकास अधिकारी जुलेखा खान ने टीमों को निर्देश दिए।

### पुलिस ने युवाओं संग मनाया 'वंदे मातरम' का 150वां पर्व

# वंदे मातरम गीत नहीं, बल्कि अटूट श्रद्धा-समर्पण का है प्रतीकः एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़




राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में पुलिस लाइन परिसर में एक भव्य एवं भावनात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस लाईन परिसर देशभक्ति से ओतप्रोत नारो से गुंजायमान हो गया। इस अवसर पर शहर के युवा, खिलाड़ी, छात्र-छात्राएँ तथा जिला पुलिस बल के अधिकारी-कर्मचारी उत्साहपूर्वक शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के सामूहिक गायन से हुई। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने अपने प्रेरक संबोधन में राष्ट्रीय गीत के ऐतिहासिक महत्व, इसकी उत्पत्ति, तथा स्वतंत्रता संग्राम में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि यह भारत माता के प्रति हमारी अटूट श्रद्धा और समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने उपस्थित सभी युवाओं से आह्वान किया कि वे इस गीत के भाव को अपने जीवन में आत्मसात करें और राष्ट्र सेवा को अपना कर्तव्य बनाएं। कार्यक्रम के पश्चात वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। इस मैराथन को पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शहर के मुख्य मार्गों और चौराहों से गुजरती इस दौड़ ने जनमानस में देशभक्ति की अलख जगाई। प्रतिभागी युवाओं, छात्र-छात्राओं और पुलिस कर्मियों ने तिरंगे झंडे के साथ दौड़ते हुए नागरिकों को राष्ट्रीय एकता, सम्मान और अनुशासन का संदेश दिया। पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने कहा कि इस मैराथन का उद्देश्य लोगों में राष्ट्रीय गीत के प्रति सम्मान, उसके गौरवशाली इतिहास और देशभक्ति की भावना का प्रसार करना है। उन्होंने यह भी कहा कि जब युवा पीढ़ी वंदे मातरम् के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ेगी, तो राष्ट्र और अधिक सशक्त बनेगा। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाहा, रक्षित निरीक्षक कनक सिंह चौहान, ट्रैफिक प्रभारी कैलाश पटेल, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक बृजेन्द्र चाचोदिया, थाना प्रभारी देहात निरीक्षक चंद्रजीत यादव, सूबेदार उत्तम सिंह सहित शहर के गणमान्य नागरिक, पुलिस अधिकारी-कर्मचारी, युवा एवं छात्र-छात्राएँ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन वंदे मातरम् के जयघोष और राष्ट्रभक्ति के उत्साहपूर्ण वातावरण संपन्न में हुआ।

### भाजपा कार्यशाला में तय हुई रुपरेखा

## एसआईआर विशेष पहचान करने घर घर जाएंगे बीएलओ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा

भाजपा मंडल पलेरा की कार्यशाला शुक्रवार को जनपद पंचायत सभागार में आयोजित हुई। जिसमें पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष मुकेश तिवारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन संज्ञा, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश नायक, अवध किशोर नापित, डीके यादव उपस्थित रहे। कार्यशाला में बूथ लेवल एजेंटों को एसआईआर विशेष पहचान परीक्षण के तहत मतदाता सूची अद्यतन की प्रक्रिया समझाई गई। पूर्व जिला उपाध्यक्ष मुकेश तिवारी ने बताया कि सभी पोलिंग बूथों पर नियंत्रण तालिका का अद्यतन किया जा रहा है। प्रारूप मतदाता सूची तैयार हो रही है। इसका अंतिम प्रकाशन 9 दिसंबर को होगा। दावे और आपत्तियां 8 जनवरी 2026 तक स्वीकार की जाएंगी। उन्होंने कहा कि अब बूथ लेवल एजेंट बीएलओ के साथ घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क करेंगे। इसके अलावा सूची की सटीकता सुनिश्चित करेंगे। कार्यशाला के दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन संज्ञा ने भी संबोधित करते हुए विस्तार से जानकारी दी। संचालन पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश नायक ने किया। कार्यक्रम के अंत में नगर महामंत्री अवधकिशोर नापित ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर जयओम सोनकिया, महक यादव, मुकेश यादव, रामकिशोर कुशवाहा, हरसेवक राजपूत, संजय अहिरवार, अयोध्या प्रसाद चढ़ार, अरविंद पटेरिया, अनिल जोशी, अनुज पाठक, रोहित राजपूत, जगदीश पाल समेत समस्त भाजपा पार्षद, सरपंच, जनपद सदस्य एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

एसडीएम जतारा ने किया मतदान केन्द्रों पर एसआईआर कार्य का निरीक्षण

## मतदाता सूची है आधारशिला, इसकी शुद्धता पहली जिम्मेदारीः एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



एसआईआर कार्यक्रम के तहत बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना पत्र देने एवं प्राप्त करने का कार्य 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक जारी रहेगा। इसी क्रम में शुक्रवार को एसडीएम जतारा संजय द्विवेदी ने जतारा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 44 के भाग संख्या 1 से 30 तक के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति जाँची। इस दौरान एसडीएम संजय द्विवेदी ने कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मतदाता सूची देश में लोकतंत्र की आधारशिला है। इसलिये शुद्धता हमारी पहली प्राथमिकता है। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर का कार्य किया जा रहा है। निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना पत्र देना व प्राप्त करने का कार्य किया जा रहा है। इसीक्रम में आज एसडीएम जतारा संजय कुमार दुबे द्वारा भाग संख्या एक से 30 तक विधानसभा क्षेत्र-44 जतारा के मतदान केन्द्रों पर जाकर एसआईआर कार्य का निरीक्षण किया गया और बीएलओ को आवश्यक निर्देश दिये गये। ज्ञातव्य है कि निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर कार्यक्रम अंतर्गत 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना पत्र देना व प्राप्त करने का कार्य किया जायेगा। बीएलओ आमजन से गणना पत्र प्राप्त करेगें तथा ये गणना पत्र वोटर ऑनलाईन भी अपलोड कर सकेगें। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार बूथ लेवल अधिकारी बीएलओ फॉर्म के मिलान और लिंकिंग के लिए लोगों के घरों में जाएंगे।

## विकसित भारत निर्माण के लिए विकास के साथ समृद्ध इतिहास की प्रतिष्ठा आवश्यकः डॉ वीरेंद्र

### केन्द्रीय मंत्री के सानिध्य में सरदार पटेल की 150वीं जयंती उपलक्ष्य में निकाली यूनिटी मार्च पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



केन्द्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ वीरेन्द्र कुमार ने संसदीय क्षेत्र के ग्राम नयाखेरा से ग्राम मानिकपुरा तक भारतरत्न सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में एक भारत, आत्मनिर्भर भारत की थीम पर आधारित आयोजित यूनिटी मार्च पदयात्रा में सहभागिता की। इस अवसर पर विवेक चतुर्वेदी, सांसद प्रतिनिधि अनुराग वर्मा, अभय यादव, अन्य जनप्रतिनिधिगण, कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय, मेरा युवा भारत विभाग से कपिल सेन सहित संबंधित अधिकारीगण, पुलिस बल, छात्र-छात्रायें तथा बड़ी संख्या में स्थानीयजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में केंद्रीय मंत्री डॉ. कुमार ने सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर दीपप्रज्वलन भी किया। तत्पश्चात उन्होंने ग्रामीण जनों से आत्मीय भेंट की और फूल माला पहनाई। यह यात्रा ग्राम पंचायत नयाखेरा से प्रारंभ होकर ग्राम मानिकपुरा में समाप्त हुई। पदयात्रा में जनप्रतिनिधियों तथा ग्रामीणजनों ने बढ़-चढकर भाग लिया। और एकता का संदेश दिया। यूनिटी मार्च पदयात्रा के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुये केन्द्रीय मंत्री डॉ. कुमार ने कहा कि हमारे विकास का लक्ष्य केवल भौतिक प्रगति नहीं, बल्कि आत्मगौरव और सांस्कृतिक चेतना से जुड़ा होना चाहिए। इसलिये विकसित भारत के निर्माण के लिए केवल आर्थिक प्रगति ही नहीं, बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक मूल्यों का उत्थान भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भारत के समृद्ध इतिहास, गौरवमय प्रतीकों और श्रेष्ठ नायकों की प्रतिष्ठा के बिना विकसित भारत का सपना अधूरा रहेगा। केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र ने इस अवसर पर लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के अद्वितीय व्यक्तित्व और उनके राष्ट्र निर्माण में योगदान का स्मरण किया। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने अखंड भारत की नींव रखी और उनके आदर्श आज भी एकता, दृढ़ता और राष्ट्रनिष्ठा की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने सरदार पटेल के व्यक्तित्व और श्रेष्ठ कृतित्व का स्मरण करवाया। केन्द्रीय मंत्री डॉ. कुमार द्वारा सभी को राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करने, देशवासियों के बीच राष्ट्रीय एकता का संदेश फैलाने का हर संभव प्रयास करने एवं नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। साथ ही सभी को देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी संकल्प दिलाया गया।

### महिला की तहरीर पर जीआरपी पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

## कुशीनगर सुपरफास्ट एक्सप्रेस से नकदी के साथ मोबाइल व दस्तावेज ले उड़े चोर

**ललितपुर।** लम्बी दूरी की चलती हुयी ट्रेनों में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। चोरी की अधिकांश घटनाओं का समय देखा जाये तो आधी रात के बाद इन घटनाओं को उस समय अंजाम दिया जाता है, जब यात्रा कर रहे लोग गहरी नींद में होते हैं। हालांकि चोरी की घटनाओं को महीनों बाद दर्ज तो कर लिया जाता है, लेकिन कार्यवाही में लेट-लतीफी और आरपीएफ व जीआरपी पुलिस की शिथिल कार्यवाही से लोगों को इंसाफ के लिए लम्बा इंतजार करना पड़ता है। लम्बे समय बाद जीआरपी थाने में दर्ज हुयी शिकायत में चलती ट्रेन से नकदी, मोबाइल फोन व अन्य दस्तावेज चोरी होने का दावा किया गया है।

महाराष्ट्र राज्य के नवी मुम्बई के जिला ठाणे अंतर्गत थाना वाशी के ग्राम एफ. 1/6/6 एफ 1 प्रकार का अपार्टमेंट सेक्टर-5 वाशी निवासी साबरीन खान पत्नी हमीद उल्लाह खान ने जीआरपी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह ट्रेन नं. 22537 कुशीनगर सुपरफास्ट कोच संख्या ए-2 बर्थ नं. 47 पर सवार होकर बस्ती से मुम्बई एलटीटी तक यात्रा कर रहा था। बताया कि कानपुर सेन्ट्रल स्टेशन निकलने के बाद वह सो गयी। 5 नवम्बर को सुबह करीब 4 बजे करीब उसकी नींद खुली थी तो उसका लेडीज पर्स पिट्ठू बैग, जिसके अंदर ओफो कम्पनी का मोबाइल फोन, करीब 24 हजार रुपये की नकदी, आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राईविंग लाइसेंस था, जो कि चोरी हो गया। बैग की उसने काफी खोजबीन की, लेकिन वह नहीं मिला। जीआरपी पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 (सी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## दूसरी शादी कर पहुंची महिला को ससुरालियों ने जलाकर घर से निकाल दिया, जांच शुरू

### महिला ने पुलिस को दी तहरीर, एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम अडवाहा व हाल निवासी जखौरा के ग्राम प्रतापपुरा निवासी उर्मिला सहरिया पत्नी प्रसन्न अहिरवार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि करीब 17 वर्ष पहले उसकी शादी महानगर झांसी के थाना रक्सा अंतर्गत ग्राम पाली निवासी अजब सिंह से हुयी थी, जिससे उसे एक पुत्र हुआ। इसके बाद अजब सिंह ने 13 वर्ष पहले उसका परित्याग कर अन्य लड़की के साथ भाग गया था, तब उसे जानकारी नहीं थी। काफी वर्षों तक एकांकी व निरस जीवन जीने के बाद उसके परिचित व्यक्ति ग्राम दैलवारा के सिद्धपुरा निवासी प्रसन्न पुत्र भागीरथ अहिरवार ने चार वर्ष पहले उससे मंदिर में शादी कर ली थी।

शादी के बाद प्रसन्न व ससुरालियों में ससुर भागीरथ, सास गुडडी, जेठ महेश, इमरत, जेठानी रामवती, बंटी, रीना ने उससे दहेज में एक मोटर साइकिल व आवासीय प्लाट की मांग की, जिससे मना करने पर उक्त लोगों ने उसे शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। बताया कि प्रसन्न से उसे एक और पुत्र हुआ। बच्चा होने के बाद भी ससुरालियों ने उसे प्रताड़ित करना नहीं छोड़ा और बच्चा होने के चार माह बाद ससुरालियों ने उसे जला दिया, जिसमें उसने अपनी जान बचायी और उसके माता-पिता ने उसका उपचार कराया। महिला ने बताया कि उसके ससुरालियों ने उसे घर से भी निकाल दिया। अब पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने ससुरालियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### खड़ोवरा गांव में हुई घटना

## पुरानी रंजिश को लेकर भिड़े दो पक्ष, एफआईआर दर्ज

**ललितपुर।** निकटवर्ती ग्राम खड़ोवरा निवासी कमल सिंह पुत्र महाराज सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 5 नवम्बर को सुबह 9 बजे उसका छोटा भाई कोमल पुत्र प्रताप अपने खेतसे घर की ओर आ रहा था। तभी निहाल पुत्र फर्सराम, रामजीवन पुत्र करतार, छोटू पुत्र फर्सराम, फर्सराम पुत्र समरथ एकराय होकर आये और आये और पुरानी रंजिश के चलते उसके छोटे भाई से बात-विवाद करने लगे और जान से मारने की धमकी देने लगे। जब उसके भाई ने विवाद करने से मना किया तो उक्त लोगों ने लात-घूसों व लाठी-डण्डों से मारपीट कर दी। इस हमले में उसके भाई को सिर में गंभीर चोटें आयीं। घटना को देख गांव के लोगों ने, उसने व परिजनों ने बीच-बचाव किया। तो उक्त लोग मौके से जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से निहाल सिंह पुत्र परसराम सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि खेत के पास स्थित मकान पर था, तभी कोमल यादव पुत्र प्रताप सिंह, कमल सिंह व जहिन्दर पुत्रगण महाराज सिंह, माधव सिंह पुत्र बाबूलाल एकराय होकर आये और गालियां देते हुये मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### ग्रे-वाटर प्रबंधन के लिए जिले की ग्राम पंचायतों में किया जा रहा लागू

## ग्राम पंचायत चन्द्रपुरा का अंडरग्राउंड ड्रेनेज सिस्टम बना प्रेरणादायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



परंपरागत रुप से ग्राम पंचायतें खुलीं हुईं नालियां बनातीं रहीं हैं, जिनकी सफाई हमेशा से एक बड़ा चैलेंज रही है। लेकिन अब कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन में जिले की ग्राम पंचायतों ने नवाचार करते हुए चैंबर आधारित अंडरग्राउंड ड्रेनेज सिस्टम विकसित किया है, जो एक आधुनिक और स्मार्ट ग्रे वॉटर प्रबंधन सिद्ध हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों में खुली हुईं नालियों को बनाने में गांव के संकरे मार्गों में जगह की समस्या,चोकिंग, जल भराव, जन और पशु दुर्घटनायें एवं विवाद होते थे । इन सब समस्याओं से निजात पाते हुए जिले की ग्राम पंचायतों ने घरों के गंदे पानी के प्रबंधन के लिए चैंबर आधारित अंडरग्राउंड ड्रेनेज सिस्टम विकसित कर लिया है, जिसे अन्य ग्राम पंचायतों द्वारा अपनाकर सम्पूर्ण जिले में ड्रेनेज प्रबंधन के लिए शानदार मॉडल प्रस्तुत कर रही हैं। नवाचार के तहत ग्राम पंचायतों में 15 वें वित्त आयोग की राशि के स्वच्छता के लिए टाइड फंड से ग्राम पंचायतों का यह नवाचार बेहद सफल सिद्ध हुआ है। योजना के तहत ग्राम पंचायतों के स्मॉल बोर सीवर सिस्टम का निर्माण ग्राम पंचायतों द्वारा चैंबर आधारित ड्रेनेज सिस्टम विकसित कर किया गया है। इस अंडरग्राउंड प्रणाली में घरों से स्नान घर, किचिन से निकलने वाले ग्रेवाटर को चैंबर्स में जोड़ा जाता है। घरों के बाहर चैंबर्स बनाए जाते हैं, जिन्हें आपस में 8 इंच के पाइप से जोड़ा जाता है एवं अंतिम बिंदु पर ग्रेवाटर मैंनेजमेंट के लिए बनाए गएण सोकपिट में जोड़ दिया जाता है। सबसे पहले जिले की जनपद बल्देवगढ़ की ग्राम पंचायत चन्द्रपुरा ने लगभग 100 मीटर का अंडरग्राउंड ड्रेनेज सिस्टम बनाया, जो काफी सफल और चर्चित हुआ। ग्राम पंचायत के चंद्रपुरा के इस नए प्रयोग को देखने न केवल जिले बल्कि जिले के बाहर के कई सरपंच स्वयं देखने आए। जिले में चैंबर आधारित अंडरग्राउंड ड्रेनेज सिस्टम के लिए अन्य ग्राम पंचायतों ने भी रुचि दिखाई और अब लगभग 57 ग्राम पंचायतें इस आधुनिक अंडरग्राउंड ड्रेनेज सिस्टम का उपयोग कर अपने गांवों को कीचड़ मुक्त बना कर घरों के गंदे पानी का बेहतरीन प्रबंधन कर पा रही हैं।

**चैम्बर आधारित ड्रेनेज सिस्टम के हैं कई लाभ** ढके हुए चैंबर होने से गंदे पानी की बदबू से निजात, गांव के संकरे मार्गों के लिए उपयोगी ड्रेनेज सिस्टम, जहां दोनों ओर नाली बनाने के लिए जगह नहीं होती, वहां गली के बीचो-बीच चैंबर प्लान कर गंदे पानी का प्रबंधन किया जा सकता है। खुली नालियों की सफाई ग्राम पंचायतों के लिए समस्या होती है, लेकिन चैंबर आधारित ड्रेनेज में लोग अपने घरों के बाहर बने चैंबर में जमे सिल्ट को आसानी से साफ कर लेते हैं तथा उन्हें नालियों के पॉलीथिन इत्यादि से चोक होने की समस्या से राहत मिल जाती है। एवं नाली चोक होने के कारण मार्गों पर बहने वाले गंदे पानी से भी निजात मिल जाती है। अंडरग्राउंड ड्रेनेज से गांव के स्वास्थ्य मानदंडों में भी सुधार देखा गया है। लोगों को मक्खियों और मच्छरों से बड़ी राहत देखने को मिली है। अधिक ढाल वाले गली-मोहल्लों के लिए सटीक ग्रेवाटर प्रबंधन प्रणाली। उल्लेखनीय है कि चैम्बर आधारित ड्रेनेज सिस्टम नवाचार के माध्यम से जिले की सभी 324 ग्राम पंचायतों में ग्रे वॉटर प्रबंधन किए जाने की कार्ययोजना है।

विजयपुर में खाद की कमी को लेकर तो जिला मुख्यालय पर मुआवजा को लेकर प्रदर्शन

# नाराज़ किसानों का श्योपुर में बाजार बंद, विजयपुर में लगाया जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शुक्रवार को जिले में किसानों की नाराजगी आमजन को तब झेलनी पड़ी जब जिला मुख्यालय पर विगत दिनों हुई बारिश से बर्बाद फसलों के मुआवजा की मांग को लेकर भारतीय किसान संघ के नेतृत्व में बाजार बंद कराकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। वहीं विजयपुर में खाद की किल्लत से नाराज किसानों ने जाम लगा दिया।

विजयपुर में शुक्रवार सुबह खाद की किल्लत को लेकर किसानों का आक्रोश फूट पड़ा। मांग अनुसार खाद न मिलने से नाराज किसानों ने सुबह करीब साढ़े आठ बजे कुंवारी नदी पुल पर चक्काजाम कर दिया, जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, इन वाहनों में यात्री बसें और एंबुलेंस भी शामिल थी। जाम से आमजन को परेशानी झेलनी पड़ी। इस पुल पर जाम लगने से करीब आधा घंटा तक यातायात पूरी तरह ठप रहा। किसानों का कहना था कि क्षेत्र के सहकारी समितियों और दुकानों पर कई दिनों से खाद उपलब्ध नहीं है। लगातार मांग और बार-बार के चक्कर काटने के बाद भी उन्हें खाद नहीं मिल रही। रबी फसल के रूप में जौ, चना, मटर, सरसों, मसूर, अलसी और आलू इत्यादि की बुआई शुरू हो चुकी है ऐसे में फसल को खाद की जरूरत है अगर खाद नहीं डाली गई तो फसल बर्बाद हो जाएगी। ऐसे समय पर वितरण न करने से किसान खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं।



### टीआई की समझाइश पर हटाया जाम

जाम मिलने की सूचना मिलने पर टीआई भारत सिंह गुर्जर पुलिस बल के साथ मौके पहुंचे और किसानों से चर्चा की। उन्होंने किसानों को शांत करते हुए भरोसा दिलाया कि प्रशासनिक अधिकारियों से तुरंत बात की जाएगी और खाद की आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाएगी। टीआई की समझाइश के बाद किसानों ने जाम समाप्त कर दिया और यातायात सुचारू रूप से बहाल कर दिया।



### भारतीय किसान संघ ने कराए बाजार बंद

उधर बीते दिनों हुई बारिश से बर्बाद हुई धान की फसल का मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर भारतीय किसान संघ ने जिला मुख्यालय पर एकत्रित होकर बाजार बंद कराए इससे पहले किसानों ने व्यापारियों को शुक्रवार के दिन किसानों की मांगों के समर्थन में अपनी दुकानें बंद रखने की अपील की थी। किसानों की अपील के बाद अधिकतर दुकानदारों ने अपनी दुकान खोली ही नहीं और जिन्होंने खोली थी उन्हें भी बाजार में पहुंचे किसानों ने बंद करवा दिया। दोपहर 2:00 तक बाजार पूरी तरह बंद रहा। बाजार बंद कराने के बाद किसान बाइकों पर सवार होकर कलेक्ट्रेट पहुंचे,जहां कलेक्ट्रेट का घेराव किए जाने के बाद कलेक्टर अर्पित वर्मा को ज्ञापन सौंपकर प्रभावित किसानों को जल्द मुआवजा, फसल बीमा योजना का लाभ दिलवाए जाने और विभिन्न बैंकों की ऋण वसूली माफ किए जाने की मांग उठाई गई। ज्ञापन सौपने के बाद बाजार खुल गया। ज्ञात हो कि बीते दिनों हुई बे मौसम बारिश से जिले में धान की फसल बुरी तरह बर्बाद हो गई थी जिसके मुआवजा की मांग को लेकर विभिन्न किसान संगठन प्रदर्शन कर चुके हैं और नेता भी आश्वासन दे चुके हैं। प्रशासन भी क्षतिग्रस्त फसलों के मुआवजा के लिए सर्वे कराकर रिपोर्ट शासन को भेजकर मुआवजा की मांग कर चुका है।

"वंदे मातरम" के 150 वर्ष का स्मरणोत्सव आयोजित

# वंदे मातरम का हुआ सामूहिक गायन स्वदेशी अपनाने की शपथ ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

भारत सरकार द्वारा राष्ट्रगीत "वंदे मातरम" के 150वीं वर्षगांठ को देशभर में 07 नवम्बर 2025 से 07 नवम्बर 2026 तक समारोहपूर्वक आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इसी क्रम में जिला प्रशासन के तत्वाधान में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष का स्मरणोत्सव आयोजित कर इसका शुभारंभ किया गया। निषादराज भवन में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम तथा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के आतिथ्य में शौर्य स्मारक भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। निषादराज भवन में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम की शुरूआत मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलन के साथ हुई, इसके पश्चात विद्यार्थियों सहित उपस्थित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों तथा गणमान्य नागरिकों द्वारा वंदे मातरम का सामुहिक रूप से सस्वर संपूर्ण गायन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा स्वदेशी उत्पादों को अपनाने की संबंध में स्वदेशी का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल, पूर्व मंत्री रामनिवास रावत, भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य कैलाश नारायण गुप्ता, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक गर्ग, जिला पंचायत सदस्य गिरधारी बैरवा, सुजीत गर्ग, डीएफओ सामान्य केएस रंधा, कूनो आर थिरूकुराल, सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद, अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, एएसपी प्रवीण भूरिया, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन एवं विजय शाक्य, एसडीओपी राजीव गुप्ता, डीएसपी पीएन गोयल सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि, कर्मचारी तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



### दूसरा चरण 19 जनवरी से होगा शुरू

राष्ट्रीय गीत वंदेमातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर वर्षभर कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इनमें पहला चरण 07 से 14 नवम्बर 2025 को शुभारंभ के रूप में होगा। दूसरा चरण 19 से 26 जनवरी 2026 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित किया जाएगा। तीसरा चरण 07 से 15 अगस्त 2026 तक हर घर तिरंगा अभियान के साथ मनाया जाएगा। चौथा और अंतिम चरण 01 से 07 नवम्बर 2026 तक समापन सप्ताह के रूप में आयोजित होगा।

# हैकर ने बनाई कलेक्टर अर्पित वर्मा की फर्जी व्हाट्सएप आईडी, अधीनस्थों को भेजी रिक्वेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

एक और तो जिला प्रशासन और पुलिस विभाग लोगों को साइबर ठगी से बचाने के लिए जन जागरूकता अभियान चला रहा है,इस दौरान जिले में जगह-जगह कार्यशाला आयोजित की जा रही है उधर हैकर शीर्ष अधिकारियों को ही अपना निशाना बनाने में लगे हुए हैं। इसकी बानगी तब देखने को मिली जब एक हैकर ने कलेक्टर अर्पित वर्मा की फर्जी व्हाट्सअप आईडी बनाकर उनके अधीनस्थ कर्मचारियों को मदद की रिक्वेस्ट भी भेज दी। बाद में कलेक्टर अर्पित वर्मा को खुद सोशल मीडिया पर इस तरह अधीनस्थों से चर्चा करने जैसी बातों का खंडन करना पड़ा और उन्होंने हैकर्स से बचने की सलाह भी अधीनस्थों ओर जनमानस को दी।




हैकर्स द्वारा कलेक्टर अर्पित वर्मा की फर्जी व्हाट्सएप आईडी बनाने की पोल तब खुली जब एक अधीनस्थ कर्मचारी को कलेक्टर की फेक आईडी से रिक्वेस्ट मिली अंग्रेजी में हुए संवाद के दौरान हैकर्स ने कलेक्टर बनकर पूछा क्या कर रहे हो,संबंधित बोला कि मैं ऑफिस वर्क कर रहा हूं सर, इस पर कलेक्टर से शाबाशी दी और बाद में पर्सनल समस्या बता कर मदद की रिक्वेस्ट कर दी। कलेक्टर अर्पित वर्मा जिस तरह कर्मचारियों से सिर्फ ऑफिस वर्क की बात करते हैं उससे अधीनस्थ कर्मचारी को शक हुआ और उसने ऑफिस में काम का बहाना बनाकर टाल दिया और जानकारी ली तब पता चला कि यह आईडी हैक की हुई है इसकी जानकारी से कलेक्टर को भी अवगत कराते हुए जनसंपर्क विभाग ने कलेक्टर की आईडी हैक होने की जानकारी दी। कलेक्टर अर्पित वर्मा ने लोगों से साइबर अपराधों से बचने की सलाह दी है।

# भोपाल में होगा सरपंचों का महासम्मेलन, श्योपुर के सरपंच भी बड़ी तादात में करेंगे भागीदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

**श्योपुर जिले के सरपंच 10 को करेंगे भोपाल के लिए कूच**

मध्यप्रदेश सरपंच संगठन के बैनर तले प्रदेशभर के सरपंचों का एक महासम्मेलन 11 नवंबर को प्रदेश की राजधानी भोपाल में आयोजित होने जा रहा है। जिसमें श्योपुर जिले के सरपंच भी बडी संख्या में शामिल होकर इस महासम्मेलन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे।

यह जानकारी सरपंच संगठन के अध्यक्ष योगेश मीणा और सचिव महावीर मीणा ने संयुक्त रूप से देते हुए बताया कि महासम्मेलन में शामिल होने के लिए श्योपुर जिले के सरपंच 10 नवंबर को भोपाल के लिए कूच करेगे। इस महासम्मेलन में भागीदारी को लेकर श्योपुर जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायतों के सरपंचों की एक बैठक गुरूवार को जनपद पंचायत श्योपुर के कार्यालय में आयोजित की गई। जिसमें भोपाल कूच किए जाने को लेकर जिम्मेदारी दी गई,साथही सरपंचों की मनरेगा की मजदूरी प्रतिदिन 500 रूपए किए जाने, एक सप्ताह में भुगतान दिए जाने, खेत सड़क पक्की पुल पुलिया निर्माण पर लगी रुको तुरंत हटाई जाने, ग्राम पंचायत में 25 लाख तक की स्वीकृति की परमिशन जनपद स्तर पर किए जाने, जिला पंचायत सदस्य की राशि बढ़कर 30 लाख रुपए प्रतिवर्ष ,जनपद सदस्य की राशि 15 लाख रुपए प्रति वर्ष किए जाने, पंचों का मानदेय बढ़ाए जाने, ग्राम पंचायत में संचालित सभी नल जल योजना में सौर ऊर्जा लगाई जाने जैसी मांगो को लेकर चर्चा की गई और मप्र के मुख्यमंत्री से इन मांगो को पूरा किए जाने का आग्रह किया गया।

# भूपेंद्र का युवा कांग्रेस का निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित होने पर स्वागत



श्योपुर।गुरुवार को आयोजित हुए युवा कांग्रेस के निर्वाचन कार्यक्रम में युवा उत्साही कार्यकर्ता भूपेंद्र आर्य का श्योपुर विधानसभा अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित होने पर उनके मित्रों शुभचिंतकों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया है। बीते चुनाव की तरह इस बार भी युवा कांग्रेस संगठन का चुनाव राहुल गांधी फार्मूला के आधार पर किया जा रहा है। ज्ञात हो कि राहुल गांधी संगठन चुनाव में पारदर्शिता लाने और बड़े नेताओं का दखल खत्म करने तथा जमीन से जुड़े कार्य कर्ताओं को आगे लाने के उद्देश्य वोटिंग व्यवस्था बनाई है इस क्रम में गुरुवार को जिला अध्यक्ष और विधानसभा अध्यक्ष के लिए वोटिंग कराई गई जिला अध्यक्ष के लिए तो दो प्रत्याशियों के बीच में वोटिंग हुई जिनमें पूर्व में मनोनीत जिला अध्यक्ष राम भरत मीणा निर्वाचित हुए वहीं दोनों विधानसभाओं में अध्यक्ष का निर्वाचन भी कराया गया जिसमें श्योपुर विधानसभा अध्यक्ष के लिए युवा कार्यकर्ता भूपेंद्र आर्य का निर्विरोध निर्वाचन संपन्न हुआ उनके निर्वाचन प्रक्रिया में किसी भी कार्यकर्ता ने उनके सामने फॉर्म नहीं भरा सभी ने एक राय से उन्हें ही विधानसभा अध्यक्ष बनाने की सहमति प्रदान कर दी। अपने निर्विरोध निर्वाचन पर आर्य ने विधायक बाबू जंडेल श्योपुर, मुकेश मल्होत्रा विजयपुर, कांग्रेस जिला अध्यक्ष मांगीलाल फौजी सहित जिले के वरिष्ठ कांग्रेस जनों का आभार जताया है वहीं उनके शुभचिंतकों और युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उन्हें माला पहनकर उनका स्वागत किया।

# कृषि मंडी की व्यवस्थाओं को सुधारे प्रशासन:मीणा

**श्योपुर।** भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष महावीर सिंह मीणा ने जैदा स्थित कृषि उपज मंडी में कई तरह की अव्यवस्थाएं होने का आरोप लगाते हुए उनमें सुधार किए जाने की मांग की है। भाजपा नेता महावीर सिंह मीणा ने एसडीएम श्योपुर को मंडी में व्याप्त समस्याओं को लेकर अवगत कराया कि मंडी परिसर में पुलिस की कोई व्यवस्था नहीं है। जरा जरा सी बात पर व्यापारी मंडी में खरीदी बंद कर देते है। जिसका खामियाजा मौसम की मार से बेहाल किसानों के उठाना पड रहा है। शुक्रवार को भी काफी देर तक व्यापारियों के द्वारा मंडी में खरीदी बंद कर दी गई। ऐसी स्थिति में किसानों की फसल एक दिन की जगह दो दिन में जाकर मंडी में बिक पाती है। इससे किसानों को ट्रैक्टर ट्रॉली का अतिरिक्त भाडा भी झेलना पड रहा है। इस संबंध में एसडीएम ने मंडी की व्यवस्थाओं को बेहतर किए जाने का भरोसा दिलाया है।



# सीएमओ का नपाध्यक्ष को नोटिस, तीन दिन में खाली करें सरकारी आवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

नगर पालिका अध्यक्ष रेनू राठौर को सीएमओ आरआर यादव ने सरकारी आवास खाली करने का स्मरण नोटिस जारी किया है। इससे पहले भी रेनू राठौर को वह सरकारी आवास खाली करने का नोटिस जारी कर चुके हैं। सीएमओ द्वारा दिए गए नोटिस में नपा अध्यक्ष को तीन दिवस के अंदर उक्त आवास खाली करने को कहा गया है।

सीएमओ द्वारा नपाध्यक्ष को जारी किए गए नोटिस में स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि हाई कोर्ट खंडपीठ ग्वालियर में मामला चलने और नगर निकाय विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों एवं मंत्री द्वारा नपाध्यक्ष को सरकारी आवास आवंटन नहीं करने के निर्देश के तहत आपको पूर्व में भी पत्र लिखकर तीन दिवस में सरकारी आवास जो आपको कार्यालय व्यवस्था के लिए किराए पर दिया था खाली करने को बोला था लेकिन आपके द्वारा खाली नहीं किया गया है। पार्षद इसकी शिकायत लेकर बार-बार आ रहे हैं इसलिए आपको फिर स्मरण पत्र भेजा जा रहा है आप तीन दिवस के भीतर भवन खाली कर ऑफिस में जानकारी भिजवाएं। इस पत्र के सोशल मीडिया पर वायरल होने से राजनीतिक हल्के में हंगामा मच गया है। लोग अभी तक नपाध्यक्ष को पावर लेस तो मान रहे थे लेकिन पावर विहीन हो गई हैं ऐसा विश्वास नहीं कर रहे थे लेकिन जिस तरह से सीएमओ ने नोटिस जारी किया है उससे सारी सच्चाई उजागर हो गई है।

### इनका कहना..

अदालत में चल रहे प्रकरण को ध्यान में रखते हुए और मंत्री द्वारा विधानसभा में दिए गए जवाब के आधार पर नपाध्यक्ष को पूर्व में भवन खाली करने सूचना दी थी उन्होंने भवन खाली नहीं किया है आज फिर सूचना पत्र जारी करते हुए तीन दिवस में भवन खाली करने को बोला गया है।

**आरआर यादव**
**सीएमओ श्योपुर**

ग्रामीणों का आरोप घटिया स्तर से बनी थी सड़क, इसलिए जल्द हो गई जर्जर

# गड्ढों में बदली बिलवाड़ा जारेला सड़क, परेशानी भोग रहे ग्रामीण, जिम्मेदार बेसुध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

काफी लंबे इंतजार के बाद बनी बिलवाडा जारेला सडक इन दिनों पूरी तरह गड्ढो में बदल गई है। लिहाजा इस सडक से वाहनों का गुजरना काफी कष्टदायक साबित हो रहा है। विशेष बात यह है कि इस सडक से जुडे आधा दर्जन गांवों के ग्रामीण काफी दिनों से कष्टदायक सफर की परेशानी भोग रहे है। लेकिन इसके बाद भी जिम्मेदार विभागीय अधिकार इस सडक की स्थिति को सुधारने की दिशा में गंभीरता नहीं दिखा रहा है। उधर ग्रामीण यह भी आरोप लगा रहे है कि जिस ठेकेदार के द्वारा पूर्व यह सडक बनाई गई थी,उसके द्वारा सडक का निर्माण काफी घटिया तरीके से कराया गया, जिसके परिणाम स्वरूप यह सडक जल्द ही उखडकर गड्ढो में बदल गई।

श्योपुर विकासखंड क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बिलवाडा से जारेला गांव तक प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के तहत पहली बार सडक का निर्माण किया गया। ग्रामीणों का कहना है कि इसके पहले जारेला गांव तक कोई पक्की सडक नहीं थी। जिसकारण ग्रामीणों को बारिश के दिनों मे आवागमन को लेकर काफी गंभीर परेशानी उठानी पडती थी, इसलिए जब इस सडक का निर्माण हुआ, तब क्षेत्र के लोगो को काफी प्रसन्नता हुई कि अब गांव पहुंचने का सफर आराम दायक हो जाएगा, लेकिन जिस ठेकेदार के द्वारा इस सडक का निर्माण कराया गया, उस ठेकेदार के द्वारा सडक का निर्माण घटिया तरीके से कराया गया,जिसकारण यह सडक जल्द ही उखडकर गड्ढो में बदल गई। ग्रामीणों का कहना है कि गारंटी अवधि के दौरान सडक का मेंटीनेंस कराए जाने का नियम है,लेकिन बिलवाडा जारेला तक बनी सडक का अभी तक मेंटीनेंस भी नहीं कराया गया है। हालांकि प्रेमसर से बिलवाडा तक बनी सडक को विभाग की ओर से ठीक करा दिया गया है,लेकिन बिलवाडा से जारेला तक जर्जर बनी सडक को कब ठीक कराया जाएगा,इसका इंतजार क्षेत्र के ग्रामीणों को काफी दिनों से बना हुआ है।



### भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई सड़क

ग्राम बिलवाडा निवासी भाजपा नेता हरिसिंह मीणा का आरोप है कि बिलवाडा से जारेला गांव तक बनी सडक के निर्माण में विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत के कारण भ्रष्टाचार की भेंट चढ गई। क्योंकि मिलीभगत के कारण ठेकेदार के द्वारा इस सडक का निर्माण काफी घटिया तरीके से कराया गया। जिसकारण यह सडक दो साल में ही उखडकर गड्ढों में बदल गई। इस सडक की स्थिति को ठीक कराए जाने के लिए पूर्व विधायक एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता बृजराज सिंह चौहान की अगुवाई में प्रशासनिक अधिकारियों से मुलाकात करते हुए आवाज उठाई जाएगी।

### सीएम तक पहुंचाई शकायत, फिर नहीं हुई सुनवाई

पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष रामअवतार मीणा भी बिलवाडा से जारेला तक बनी सडक के जर्जर हो जाने को लेकर खासे नाराज बने हुए है। उनका कहना है कि यह सडक घटिया तरीके से बनाई गई। जिसकारण जल्द ही सडक उखड गई। इसके बाद इस सडक का मेंटीनेंस भी संबंधित ठेकेदार के द्वारा नहीं कराया गया। ऐसे में इस सडक के पूरी तरह उखड जाने लोगों का सफर काफी कष्टमय बना हुआ है। रामअवतार का कहना है कि इस सडक की स्थिति को सुधारे जाने के लिए हमने न सिर्फ आवेदन सौंपकर विभागीय अधिकारियों से शिकायत की,बल्कि सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से इसकी शिकायत सीएम तक पहुंचाई गई। इसके बाद भी कोई सुनवाई नहीं हुई है।

### जल्द सुधारी जाए सड़क की स्थिति

ग्राम जारेला निवासी पूर्व सरपंच नागाराम मीणा कहना है कि सालो इंतजार करने के बाद जारेला तक सडक बनी है। लेकिन यह सडक ज्यादा दिन तक ग्रामीणों के सुगम सफर का आनंद नहीं दे पाई। वर्तमान में यह सडक पूरी तरह गड्ढो में बदल गई है। जिसकारण इस सडक से गुजरना काफी परेशानी भरा साबित हो रहा है। जिला प्रशासन इस सडक निर्माण की जांच करवाते हुए इस सडक का निर्माण नए सिरे से कराए जाने की दिशा में प्रभावी कार्रवाई करें।

### टेंडर हो गया

बिलवाडा से जारेला तक सडक बनाई जाएगी। इसके लिए टेंडर हो गया है। बहुत जल्द ही सडक निर्माण शुरू किए जाने का कार्य आरंभ हो जाएगा।

**सुनील खरात**
**एसडीओ,पीएमजीएसवाय श्योपुर**

# अभिषेक कॉलेज अध्यक्ष तो सिकरवार बने मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की शासकीय महाविद्यालय की कार्यकारिणी घोषित कर दी गई है। जिसमें अध्यक्ष अभिषेक मीणा कलारना, कालेज मंत्री अभिषेक सिकरबार को बनाया गया है। जबकि उपाध्यक्ष शिवम भदौरिया, हंसराज गुर्जर ,यश सोनी ,आजाद गुर्जर, सहमंत्री भूमि गोयल ,निखिल शर्मा ,मनीष मीना, सागर प्रीत सरदार एसएफडी प्रमुख रेश्मा जाटव, एसएफएस प्रमुख रोहित जोशी , खेलों भारत प्रमुख रोहित गुर्जर ,सोशल मीडिया रोहित शर्मा , कला मंच सलोनी प्रजापति ,महाविद्यालय छात्रा प्रमुख कल्पना गौर ,महाविद्यालय प्रमुख रासबिहारी मीना,छात्रावास प्रमुख विजेंद्र मीना ,छात्रा छात्रावास प्रमुख रजनी को बनाया गया है। अभाविप जिला संयोजक गणेश शर्मा ने बताया कि यह कार्यकारिणी साल भर कॉलेज परिसर में छात्रो की समस्या को लेकर आगे पंक्ति में रहकर कार्य करेगी। कार्यकारिणी घोषणा के बाद वाहन रैली निकाली गई।



# न तुम जीते, न हम हारे: बराबरी पर छूटी मानसिंह और रामलला के बीच हुई अंतिम कुश्ती

**श्योपुर।** त्रिवेणी संगम रामेश्वर धाम पर कार्तिक पूर्णिमा के उपलक्ष्य में आयोजित तीन दिवसीय धार्मिक मेले के अंतिम दिन शुक्रवार को दंगल का आयोजन किया गया। जिसमें श्योपुर जिले सहित राजस्थान और मध्यप्रदेश के कई नामी गिरामी पहलवानों ने शामिल होकर अपनी कुश्ती का प्रदर्शन किया। खास बात यह है कि इस दंगल की अंतिम कुश्ती राजस्थान के समोली के पहलवान मान सिंह गुर्जर और मुरैना के पहलवान रामलला सिकरवार के बीच हुई। जो कि बराबरी पर छूटी। हालांकि दोनो पहलवानों ने एक दूसरे को चित करने के लिए पूरे दांव पेंच लगा दिए। लेकिन दोनों पहलवानों में से कोई भी पराजित नहीं हुआ। जिसके चलते इस दंगल में न तुम जीते न हम हारे वाली कहावत एक बार फिर चरितार्थ होती नजर आई। बाद में दोनों पहलवानों को संयुक्त रूप से इस मेले का केसरी घोषित कर दिया और उन्हें 11 हजार रूपए की पुरस्कार राशि आधी आधी प्रदान कर दी। इस दंगल में 2100 रूपए के पुरूस्कार की दोनों कुश्ती मुरैना के पहलवान ऋषिकेश गुर्जर ने जीती। जबकि 1100 रूपए, 500 रूपए,200 रूपए तथा 101 रूपए के पुरस्कार की कुश्ती में भी पहलवानों ने अपने दांव पेंच दिखाए। दंगल के बाद विजेता पहलवानों को पुरस्कार प्रदान किए गए। इस मौके पर मेला अध्यक्ष रामपति बल्लु गुर्जर, जनपद सीईओ एसएस भटनागर, मानपुर थाना प्रभारी पीएस यादव आदि विशेष रूप से उपस्थित थे।



**खबर संक्षेप**



## एसडीएम करैरा ने तीन छात्राओं के केंद्रीय जाति प्रमाण पत्र तत्काल जारी कर प्रदान किए

**दिनारा।** करैरा एसडीएम अनुराग निंगवाल ने केंद्रीय जाति प्रमाण पत्र हेतु परेशान हो रही छात्राओं को तत्काल प्रमाणपत्र जारी कर प्रदान किए। जिन छात्राओं के प्रमाणपत्र जारी कर प्रदान किए उनमें से करीना पाल पुत्री लाल सिंह पाल, मोहिनी यादव पुत्री शिरोमणि यादव, नंदनी यादव पुत्री अजय पाल यादव निवासी चन्दावरा तहसील करेरा के प्रमाण पत्र तत्काल जारी किए गए।

## बाइक की टक्कर से हुई ग्रामीण बुर्जुग की मौत

**अशोकनगर।** जिले के हमीदपुर गांव में वुधवार की देर शाम एक बाईक की टक्कर से 65 वर्षीय ग्रामीण भैयालाल कुशवाह की मौत हो गई। उन्हें एक बाईक ने टक्कर मार दी थी जिससे वह सड़क पर जा गिरे वहीं पर उनकी मौत हो गई। भैया लाल कुशवाह अपने घर से खेत पर अपने बेटे के पास जा रहे थे तभी पड़ौस के गांव में रहने वाले चेतन कुशवाह ने उन्हें बाईक से टक्कर मार दी। इस घटना में बाईक चालक को भी चोटे आई हैं। घायल होने पर जिला अस्पताल भैयालाल कुशवाह को लाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

## टैक्सी की टक्कर से युवक घायल हुआ

**अशोकनगर।** जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत मुंगावली निवासी संतोष अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात टेक्सी चालक ने स्टेशन रोड तहसील के सामने अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसे टक्कर मार दी जिससे उसे चोटे आईं है। पुलिस ने अज्ञात टेक्सी चालक के विरूद्ध मामला दर्ज किया है।

## डिस्ट्रिक कॉन्टेक्ट सेंटर स्थापित किया गया

**अशोकनगर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के लिये कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह द्वारा जिला निर्वाचन कार्यालय अशोकनगर के डिस्ट्रिक कॉन्टेक्ट सेंटर कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्र. 115 में स्थापित किया गया है। डिस्ट्रिक कॉन्टेक्ट सेंटर हेतु पुष्पेंद्र शर्मा, प्रबंधक ई गवर्नेस जिला अशोकनगर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाता है। नियुक्त नोडल अधिकारी भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी म०प्र० भोपाल के निर्देशानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

## आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 तक घोषित हुई

**अशोकनगर।** भारत सरकार सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा संचालित टॉप क्लास एजुकेशनल योजना अंतर्गत पिछडा वर्ग/अति पिछडा वर्ग एवं घुमक्क्ड एवं अर्द्धघुमक्कड जनजाति के विद्यार्थियो के लिये पीएम यशस्वी योजनातंर्गत संचालित की गई है। योजना में आवेदन करने की नवीन अंतिम तिथि 15 नवम्बर 2025 नियत की गई है। उक्त तिथि में कक्षा 9 से 12 तक के पिछडा वर्ग/विमुक्त घुमन्तु और अर्द्धघुमन्तु वर्ग/आर्थिक रूप से पिछडे वर्ग के पात्र विद्यार्थी आवेदन कर सकते है।

## रेम्प योजना अंतर्गत कार्यशाला 7 को होगी

**अशोकनगर।** अशोकनगर जिले में रेम्प (आरएएमपी) योजना अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन 07 नवम्बर को सायं 05.30 बजे से वीरास होटल नेहरू डिग्री कॉलेज अशोकनगर के पास किया गया है। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र ने बताया कि कार्यशाला में एमएसएमई के प्रदर्शन को बढ़ाना बताया गया।

### थाना करैरा पुलिस द्वारा अवैध शराब के खिलाफ कार्यवाही करते हुये 140

# 140 लीटर हाथभट्टी की कच्ची शराब व दो बाइक जब्त, आरोपी अदालत भेजे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करेरा/शिवपुरी




जिले के पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के द्वारा जिले मे अवैध मादक पदार्थ जुआ सट्टा, अवैध हथियार, अवैध खनन परिवहन, अवैध शराव की धरपकड, के तहत जीरो टालरेन्स अपनाने के निर्देश दिये गये हैं । उक्त निर्देशों के पालन मे अति० पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं एस.डी.ओ.पी. करैरा डॉ आयुष जाखड के मार्गदर्शन में थाना करैरा पुलिस को दिनांक 06.11.2025 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि दो मोटर साईकिल क्रमशः सीडी डीलक्स काले नीले रंग की जिसका क्र. यूपी 93 एआर 1362 व एक मोटर साईकल स्पलेन्डर काले रंग की क्र. यूपी 93 बीजेड 7544 लेकर उदगंवा तरफ से खुदावली होते हुए करैरा तरफ अवैध हाथ भट्टी की कच्ची शराब लेकर आ रहे है, मुखबिर की सूचना की तस्दीक हेतु ग्राम चिरली स्कूल के पास पहुंचे शासकीय वाहन रोड पर खडा कर चैकिंग शुरू की तभी उदगंवा खुदावली तरफ से दो मोटर साईकलें आती हुई दिखी जिन्हे रोका गया तो मोटर साईकल चालकों ने पुलिस को देखकर मोटर साईकल वापस पीछे तरफ घुमा कर तेजी से भागे जिनका पीछा किया तो मोटर साईकल खुदावली दावरभाट चौराह के पास सडक किनारे झांडियो में फेककर झांडियो से निकल कर खेतो की तरफ भाग गये। जिनमें एक मोटर साईकल सीडी डीलक्स क्र. यूपी 93 एआर 1362 पर पीछे बोरे का बडा थैला बधा था जिसके दोनो तरफ पन्नी की थैली रखी हुई कच्ची शराब कुल 70 लीटर कीमती करीब 7000/- रूपये तथा एक मोटर साईकल स्पलेन्डर क्र. यूपी 93 एआर 1362 झाडियो में पडी थी जिसके पीछे बोरे का बडा थैला बंधा था जिसके दोनो तरफ पन्नी की थैली रखी हुई जिसमें कच्ची शराब कुल 70 लीटर कीमती करीब 7000/-रूपये। दोनो मोटर साईकल पर रखी पन्नी की थैलियो में कुल 140 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब कीमती 14000/- रूपये । अज्ञात आरोपीगणो का यह कृत्य धारा 34 (2) आवकारी एक्ट का पाया जाने से थाना करैरा पर अपराध क्र 772/25 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। अज्ञात आरोपियों की तलाश जारी है।

**बरामद माल-** 01. कुल 140 लीटर हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराब कीमती 14 हजार रुपये।

2. मोटर साईकल सीडी डीलक्स क्र. यूपी 93 एआर 1362 की कीमत करीब 60000/- रूपये

3. मोटर साईकल स्पलेन्डर प्लस क्र. यूपी 93 एआर 1362 कीमती करीब 90000/-रूपये।

कुल मसरूका 1,64000 रूपये

**इनकी रही भूमिका-** थाना प्रभारी निरी० विनोद छावई, उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र गुर्जर, राधे जादौन, मत्स्येन्द्र गुर्जर सुरेन्द्र रावत, हरेन्द्र गुर्जर।

## 60 लीटर कच्ची शराब के साथ आरोपिया को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया



**दिनारा।** शिवपुरी जिले के पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड के निर्देशन में एवं अति०पुलिस अधीक्षक संजीव मुले, एसडीओपी करैरा आयुष जाखड के मार्गदर्शन में चलाये जा रहे नशा विरोधी अभियान के तहत अवैध शराब, अवैध हथियार, अवैध मादक पदार्थ के विरुध्द कार्यवाही करने वावत दिशा निर्देश दिये गये थे। जिसके तहत दिनारा पुलिस द्वारा दिनारा-थनरा रोड नर्सरी के पास से आरोपिया प्रियंका पत्नि नीलेश कंजर उम्र 25 साल निवासी ग्राम सनोरा जिला दतिया के कब्जे से 60 लीटर हाथभट्टी की कच्ची शराब को मौके पर जप्त कर आरोपिया को विधिवत गिरफ्तार किया गया। उक्त आरोपिया के विरुध्द थाना दिनारा मे अपराध क्र 254/25 धारा 34(2) आवकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीवध्द किया गया। उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी दिनारा रामेन्द्र सिह चौहान, चौकी प्रभारी थनरा उ.नि. रामानंद पचौरी, सउनि सुल्तान सिह, प्र. आर. हिमांशु चतुर्वेदी, महिला आर. पूजा प्रजापति आर. दीपक माँझीआर. रामपाल जाट, आर. शिवम यादव आर. विकाश द्ववे, आर. प्रदीप कौरव, सैनिक विशाल शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

### स्वतंत्रता संग्राम के लिए प्रेरणा...

## वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर करैरा में आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दिनारा

करेरा वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आज प्रातः 9.30 बजे कार्यालय जनपद पंचायत, करैरा में एक समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम भारत माता की प्रतिमा पर तिलक और माला दिव्यांगजन करण यादव द्वारा अर्पित की गई। इसके बाद एसडीएम अनुराग निंगवाल, सीईओ हेमंत सूत्रकार, स्टाफ और जनप्रतिनिधियों ने एक साथ वंदे मातरम गीत का गायन किया।

एसडीएम अनुराग निंगवाल ने इस अवसर पर वंदे मातरम गीत के इतिहास, महत्व और इसकी भूमिका के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम गीत बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा 1875 को लिखा गया था जिसका प्रकाशन 1882 में आनंदमठ उपन्यास में हुआ। पहली बार 1896 में कलकत्ता अधिवेशन में रवींद्रनाथ टैगोर द्वारा गाया गया था जिसे संविधान सभा ने वर्ष 1950 में राष्ट्रगीत स्वरूप अपनाया। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि यह हमारे देशभक्ति की भावना, मातृभूमि के प्रति समर्पण और स्वतंत्रता संग्राम की प्रेरणा का प्रतीक है।

सीईओ हेमंत सूत्रकार ने भी उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए वन्दे मातरम गीत के महत्व को बताया, उन्होंने कहा कि हमारे विद्यालयों में प्रतिदिन इस राष्ट्रीय गीत का गायन बड़े ही सम्मान से किया जाता है। समारोह में उपस्थित सभी लोगों ने वंदे मातरम गीत के साथ देशभक्ति की भावना को महसूस किया और भारत माता की जय के नारे लगाए। इस अवसर पर पंचायत निरीक्षक संजीव दुबे, बल्ली कोली, निशा परिहार, काजल दुबे सहित आमजन मौजूद रहे।



## गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर नगर कीर्तन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ईसागढ

गुरु नानक देव जी के 556वें प्रकाश पर्व पर नगर में भव्य नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सिख समाज, नामधारी संप्रदाय तथा विभिन्न धार्मिक समुदायों के श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

इस दौरान सिख समाज एवं नामधारी संप्रदाय की सेविकाओं, जिनमें सिमरन कौर नामधारी सहित अन्य श्रद्धालु शामिल रहीं, ने स्वच्छता को समर्पित सेवा कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लिया। नगर कीर्तन के बाद सेवकों ने सड़कों की सफाई कर झाडू लगाई, फेंके गए डिस्पोजल, ग्लास, बोतलें और कचरा एकत्रित कर उचित स्थान पर निस्तारित किया। यह सेवा पूरी तरह गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं "सेवा ही सच्चा धर्म है" को समर्पित रही। इस अवसर पर सिख समाज एवं नामधारी संप्रदाय के साथ-साथ अन्य धार्मिक समुदायों के लोगों ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई।

नगरवासियों ने इस प्रेरणादायी पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन धार्मिक आस्था के साथ स्वच्छता और समाज सेवा का सुंदर संदेश देते हैं।

## पेंशनर्स का जीवन प्रमाण-पत्र शिविर आयोजित किया गया




**अशोकनगर।** शासकीय पेंशनर्स को प्रत्येक बर्ष माह नवम्बर में जीवन प्रमाण पत्र देने का प्रावधान है, जिसके परिपेक्ष्य में भारतीय स्टेट बैंक शाखा स्टेशन रोड अशोकनगर के द्वारा पेंशनर्स जीवन प्रमाण पत्र शिविर का आयोजन स्थानीय वेदांत भवन में 04 नवम्बर को किया गया। शिविर में मुख्य शाखा प्रबंधक राजेंद्र पाठक, मंडी रोड शाखा के प्रबंधक सुयश कैथवार, पीबीबी राजमाता चैराहा शाखा प्रबंधक अंशुल शर्मा, जिला सहायक कोषांलय अधिकारी अशोक राणा, सेवानिवृत अधिकारी/कर्मचारी पेंशनर महासंघ के प्रदेश कोषाध्यक्ष अशोक शर्मा मंचासीन रहे। शिविर में राजेंद्र पाठक मुख्य प्रबंधक द्वारा अपने उद्बोधन में पेंशनर्स को जीवन प्रमाण पत्र व सायबर अपराध के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। मंचासीन सभी अतिथियों द्वारा पेंशनर हित में उद्बोधन दिए गए। अशोक शर्मा प्रदेश कोषाध्यक्ष द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि जबसे पाठक अशोकनगर शाखा में पदस्थ हुए हैं पेंशनर्स की समस्याओं के निराकरण के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। उनके द्वारा जीवन प्रमाण पत्र शिविर आयोजित कर पेंशनर्स के लिए एक अभिनव पहल की गई है। शिविर में 102 पेंशनर्स के डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र, 08पेंशनर्स के भौतिक जीवन प्रमाण पत्र कुल 110 प्रमाण पत्र जमा कराये गए। साथ ही 100 पेंशनर्स की निशुल्क शुगर जाँच सुजीत यादव पैथोलॉजिष्ट के माध्यम से कराई गई। कार्यक्रम का सफल संचालन दिनेश बिरथरे जिलाध्यक्ष पेंशनर महासंघ द्वारा किया गया। सभी बैंक प्रबंधकों व बैंक स्टॉफ का आभार प्रदर्शन किया गया।

## ग्वालियर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सक्सेना ने अधिकारियों की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



ग्वालियर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक अरविंद कुमार सक्सेना ने गुरूवार को स्थानीय पुलिस कॉन्फ्रेंस हॉल में जिले के अधिकारियों की बैठक ली जिसमें अपराधों की समीक्षा की गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कँवर, एसडीओपी चन्देरी शैलेन्द्र शर्मा, एसडीओपी मुंगावली सनम बी खान सहित जिले के सभी थाना प्रभारीगण उपस्थित रहे।

बैठक का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक अशोकनगर द्वारा जिले में संचालित पुलिस गतिविधियों, अपराधों की स्थिति एवं नियंत्रण संबंधी कार्यवाहियों की संक्षिप्त प्रस्तुति से किया गया। तत्पश्चात पुलिस महानिरीक्षक द्वारा जिले के विभिन्न थानों में दर्ज गंभीर अपराधों, संपत्ति संबंधी अपराधों, महिला एवं बालिका सुरक्षा से जुड़े अपराधों, सायबर अपराधों, मादक पदार्थों की तस्करी तथा आयुध एवं जुआ अधिनियम के अंतर्गत की गई कार्यवाहियों की विस्तृत समीक्षा की गई।

उन्होंने निर्देशित किया कि अपराधों की रोकथाम के लिए प्रत्येक थाना प्रभारी अपने क्षेत्र में सक्रिय अपराधियों, निगरानी बदमाशों, गुण्डा की सतत निगरानी एवं नियमित चैकिंग सुनिश्चित करें। इसके साथ ही प्रत्येक थाना स्तर पर माईक्रो बीट प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाकर, स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों के साथ समन्वय स्थापित कर सूचनाओं का आदान-प्रदान बढ़ाया जाए, जिससे अपराधों की रोकथाम में जनसहयोग प्राप्त हो सके। पुलिस महानिरीक्षक ने कहा कि पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा संचालित विभिन्न अभियानों जैसे "मुस्कान अभियान", सायबर जागरूकता अभियान, तथा नए आपराधिक कानूनों (भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम) के संबंध में थाना स्तर पर नियमित ब्रीफिंग एवं प्रशिक्षण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि प्रत्येक अधिकारी अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को नए कानूनों के प्रावधानों से भली-भांति अवगत कराएं ताकि जमीनी स्तर पर कानूनों का सही अनुपालन हो सके।

### आईजी ने समीक्षा के दौरान कानून व्यवस्था की स्थिति पर संतोष जताया

पुलिस महानिरीक्षक ने जिले की समग्र कानून व्यवस्था की स्थिति पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि पुलिस अधीक्षक अशोकनगर के नेतृत्व में जिले में बेहतर पुलिसिंग कार्य किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि नागरिकों के साथ मैत्रीपूर्ण व्यवहार अपनाकर पुलिस की जनहितैषी छवि को और सुदृढ़ किया जाए। बैठक के समापन पर पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा ने पुलिस महानिरीक्षक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन से जिले की पुलिस व्यवस्था को और सशक्त बनाने में सहायता मिलेगी। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि पुलिस महानिरीक्षक द्वारा दिए गए निर्देशों को गंभीरता से पालन करना सुनिश्चित करें तथा अपने क्षेत्रों में अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था बनाए रखने, एवं जनता की समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु तत्पर रहें।

## 70 वर्षीय वृद्ध की तलाश में एसडीआरएफ की टीम जुटी



**अशोकनगर।** जिला मुख्यालय से 8 किलोमीटर दूर बेरखेड़ी तूमैन के निवासी तोफान सिंह लोधी उम्र 70 वर्ष के नदी के पानी में डूबने की आशंका को लेकर एसडीआरएफ की टीम तलाश में जुटी है। आशंका है कि वह नदी के पानी में डूब गए हैं। तोफान सिंह लोधी घर से मक्का की फसल की रखवाली करने के लिए खेत पर गए थे किन्तु वह खेत पर नहीं मिले। यह मामला तब सामने आया जब उनकी पत्नी खेत पर खाना देने पहुंची तब वह नहीं मिले। खटिया पर कपड़े जूते और अन्य सामान रखा था। जिसकी सूचना उनकी पत्नी द्वारा गांव के लोगों को और परिजनों को दी गई। जिसके बाद ग्रामीण मौके पर पहुंचे और सभी दूर तलाश किया किन्तु उनका कोई पता नहीं चला। गुरूवार को सुबह से एसडीआरएफ की टीम तलाश में लगी हुई है अभी तक उनका पता नहीं लगा है।

### संवाद सत्र के तहत महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं से किया संवाद, कई जानकारियों से किया अवगत

# लक्ष्य निर्धारित कर युवा अपने भविष्य को संवारें: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





युवा अपने जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर पूरी मेहनत के साथ अपने सुनहरे भविष्य की ओर अग्रसर हों। आगे बढने के लिए जीवन में अनुशासन का होना आवश्यक है। इस आशय के विचार कलेक्टर आदित्य सिंह ने गुरूवार को शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय अशोकनगर में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं से संवाद सत्र के दौरान व्यक्त किए। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय अशोकनगर में आंतरिक गुणवत्ता अश्वासन प्रकोष्ठ एवं विज्ञान संकाय द्वारा "संवाद सत्र" का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में कलेक्टर आदित्य सिंह विद्यार्थियों से संवाद हेतु मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम शैक्षणिक उत्कृष्टता के अंतर्गत विद्यार्थियों और प्रख्यात एंव सफल व्यक्तित्व के बीच संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. रेनू राजेश के मार्गदर्शन और संयोजक डॉ. दीक्षा भट्ट, सहायक प्राध्यापक के निर्देशन में हुआ। कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर ने महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं से कहा कि महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को लाईब्रेरी एवं कोचिंग की सुविधाएं यथाशीघ्र उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने कहा कि विषय से संबंधित कोचिंग सुविधा मिलने से छात्र-छात्राओं को प्रतियोगिता परीक्षाओं में लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को जो कठिनाई या परेशानी आ रही है उसका निराकरण कराया जाएगा।

### छात्राओं ने कलेक्टर से संवाद किया

इस दौरान छात्रा वर्षा कुशवाहा के द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देते हुए उन्होने कहा कि महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं की उपस्थिति,नियमित कक्षाएं लगने तथा विषय विषेज्ञों द्वारा समयानुसार अध्यापन कार्य कराए जाने की समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई जाएंगी। छात्रा मधु प्रजापति द्वारा किए गए प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि जीवन में आगे बढने के लिए प्रेरणा का होना आवश्यक होता है। जिससे लक्ष्य प्राप्त करने में आसानी होती है। उन्होंने कहा कि यूपीएससी एवं एमपीपीएससी की परीक्षाओं प्रतियोगिता में सिलेबस दिनचर्या महत्वपूर्ण होती है।

### कलेक्टर ने अपने जीवन की यात्रा के अनुभव साझा किए

संवाद सत्र के दौरान कलेक्टर आदित्य सिंह ने विद्यार्थियों से आत्मीयता से बातचीत करते हुए अपने जीवन की प्रेरणादायी यात्रा साझा की। उन्होंने बताया कि उनकी शिक्षा की शुरुआत एक छोटे से ज़लि रीवा से हुई, जहाँ से उन्होंने अपनी मेहनत और लगन के बल पर आईआईटी रुड़की में प्रवेश प्राप्त किया। इसके बाद उन्होंने दिल्ली जाकर सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी की और पहले ही प्रयास में भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयनित हुए। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सोशल मीडिया की रील्स या वीडियो से पाई क्षणिक प्रेरणा हर समय हमारे साथ नहीं रह सकती, लेकिन आत्म-अनुशासन ही वह शक्ति है जो हमें अपने लक्ष्य दिलाती है। सुधार के सुझाव आमंत्रित किए।

### छात्र छात्राओं ने संवाद के दौरान अनेक सुविधाओं के सुझाव दिए

विद्यार्थियों ने बेहतर पुस्तकालय सेवाएँ, खेल सुविधाओं में विस्तार, नए पाठ्यक्रम के प्रति जागरूकता और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये सुविधायें उपलब्ध कराये जाने जैसे सुझाव दिए। इस अवसर पर लगभग 300 विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और अपने विचार साझा किए। विद्यार्थियों ने इस बात की सराहना की कि व्यस्त प्रशासनिक दायित्वों के बावजूद कलेक्टर ने उनके साथ समय बिताया और उनकी बातों को गंभीरता से सुना। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ. रेनू राजेश ने आभार व्यक्त किया और विद्यार्थियों को उनके अनुभवों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। यह संवाद सत्र विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी और प्रेरणादायी सिद्ध हुआ, जिसने न केवल उनके मनोबल को बढ़ाया बल्कि उन्हें आत्म- अनुशासन, निरंतर प्रयास और सकारात्मक सोच के महत्व को भी समझाया।